पुल से टकराकर गंगा में डूबी नाव, दो युवक लापता

तीन लोगों ने तैरकर जान बचायी

रेस्क्यू में जुटी एसडीआरएफ की टीम

हाजीपुर/राघोपुर/संवाददाता। जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में बन रही बिदुपुर-कच्ची दरगाह निमार्णाधीन सिक्स लेन पुल के पास 150 बोरा भांग एवं अवैध समान लदी नाव पाया नंबर 55 के पास गंगा नदी में डूब गई। जिसमें दो व्यक्ति लापता हैं। एसडीआरएफ की टीम लापता व्यक्तियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार रूस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कच्ची दरगाह बिदुपुर निर्माणाधीन सिक्स लेन पाया नंबर 55 से टकराकर एक नाव गंगा नदी में समा गई। इस हादसे में नाव पर सवार दो व्यक्ति लापता बताए जा रहे हैं। घटना बीते रात करीब 11:30 बजे की बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते हीं नदी किनारे स्थानीय लोग जुट गए। लोगों ने घटना की जानकारी रुस्तमपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं एसडीआरएफ टीम को दी।बताया गया है कि, वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल के पाया नंबर 55 से अनियंत्रित होकर नाव टकराकर गंगा नदी में डूब गई। इस दौरान अफरातफरी मच गई। नाव पर सवार नाविक समेत तीन व्यक्ति किसी तरह नदी से बाहर निकल गया। वहीं दो व्यक्ति लापता बताया गया है। लापता व्यक्ति की नदी में खोजबीन की जा रही है।घटना के संबंध में बताया गया कि पटना जिला अंतर्गत काला दियारा से नाविक नाव पर करीब 150 बोरा भांग लोड करके गंगा ब्रिज थाना अंतर्गत तेरसिया पंचायत लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सिक्स लाइन पाया नंबर 55 से टकराकर नव नदी में डूब गया। नाव पर सवार पांच व्यक्ति में करीब तीन व्यक्ति किसी तरह बाहर निकल गया। वहीं दो व्यक्ति लापता बताए जा रहा है। लापता व्यक्ति गंगा ब्रिज थाना अंतर्गत तेरसिया पंचायत निवासी अवधेश राय एवं राकेश कुमार बताया गया है। स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ टीम की सहयोग से नदी में लापता व्यक्ति की खोजबीन की जा रही है। घटना को लेकर रुस्तमपुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि नाव डूबने की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि दो व्यक्ति लापता बताया गया है। खोजबीन की जा रही है।

डीएम ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

समय पर कार्य पूरा करने का दिये निर्देश

बाढ़/संवाददाता। पटना जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बाढ़ अनुमण्डल विभिन्न जगहों पर चल रहे विकास योजनाओं के कार्यो का जायजा लिया और कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का योजनाओं संबंधित लोगों को सख्त निर्देश दिया।जिलाधिकारी डॉ०चन्द्रशेखर सिंह ने सर्वप्रथम बख्तियारपुर-मोकामा फोर लाइन पथ का चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ०सिंह ने अथमलगोला-ताजपुर सेतु के निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुये सेतु के निर्माण कार्य में और भी तेजी लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया तथा उन्होनें संभावना व्यक्त किया कि बख्तियारपुर - मोकामा पथ में करनौती के पास सिर्फ रेलवे ओवरब्रिज का काम बचा है,जिसे पूरा करते हुये दिसम्बर तक पुल को चालू कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ०सिंह ने बख्तियारपुर में नवनिर्मित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और मुक्तिधाम बनकर तैयार है जो नगर परिषद बख्तियारपुर को हस्तांतरित है,जिसे शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी डॉ०सिंह ने अथमलगोला प्रखंड में करजान पंचायत में निमार्णाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका उच्च विद्यालय एवं थाना भवन के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया,उन्होंने मार्च 2025 तक पूर्ण होने की संभावना व्यक्त की।

मसौढ़ी में दीवार गिरने से 30 लोग दबे, आठ भर्ती

मसौढ़ी/संवाददाता

मसौढ़ी अनुमंडल के पुनपुन थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में शिव चर्चा के दौरान दीवार गिरने से 30 लोग दीवार के अंदर दब गए. जिन्हें स्थानीय लोगों ने निकाला । घायलों का इलाज के लिए पहले पुनपुन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से 8 गंभीर घायलों को पीएमसीएच रेफर किया गया है. इसकी जानकारी देते हुए मसौढ़ी एसडीओ ने बताया कि नीरज कुमार के मकान में पूजा पाठ किया जा रहा था उसमें भारी संख्या में महिला बच्चे और लोग जुटे थे. इस दौरान 5 इंच की जो दीवार थी उन पर गिर गई और वहां उपस्थित लोग दीवार के नीचे दब गए. स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें दीवार के नीचे से हटाकर बाहर निकाला और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. जिसमें से आठ गंभीर घायलों को पीएमसीएच रेफर किया गया है.

घायलों के बेहतर इलाज के लिए विधायक ने डीएम से की बात

फुलवारी शरीफ/सं। पटना के पुनपुन के श्रीपालपुर में धार्मिक कार्यक्रम शिव चर्चा के दौरान चुटुर सिंह के पुराने दीवार के धाराशाई होने से वहां कई लोग जख्मी हुए जिसकी जानकारी मिलते ही औरंगाबाद के दौरे पड़ गए सीपीआई एम एल के फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास ने तत्काल पटना के जिलाधिकारी से बात कर घायलों के सरकारी स्तर पर निःशुल्क इलाज के व्यवस्था करने के लिए निर्देश जारी करने की बात कही. विधायक रविदास ने बताया कि ग्रामीणों से बातचीत करने के बाद उन्होंने तत्काल पीएचसी प्रभारी पुनपुन बीडीओ सीओ एसडीएम मसौढ़ी से बातचीत की और इलाज की पूरी व्यवस्था करने को कहा.विधायक गोपाल रविदास ने घटना पर दुःख व्यक्त किया है. उन्होंनेउन्होंने बताया की अनुमण्डलाधिकारी के अनुसार 30 की संख्या मे घायलों को हॉस्पिटल लाया गया है ,जिसमे 8 को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेजा गया है जबकि शेष लोगो को मामूली चोटे आयी है जिन्हे इलाज के बाद छोड़ दिया जायेगा. विधायक ने राज्य सरकार से घायलों को बेहतर और निःशुल्क पटना मे इलाज की मांग किया है. ये सभी ग्रामीण गरीब है सरकारी नियमानुसार आर्थिक सहयोग की मांग किया है.विधायक ने बताया कि स्थानीय स्तर पर भाकपा माले के कार्यकर्त्ता और नेता कॉमरेड नागा मुखिया लखनपार सहयोग मे जुटे है।

बिहार पुलिस महिलाओं को 15 सितंबर से उपलब्ध करायेगी 'सुरक्षित सफर सुविधा'

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय एवं नालन्दा में होगी शुरू

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। बिहार पुलिस राज्य की महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 15 सितंबर से 'सुरक्षित सफर सुविधा' उपलब्ध करायेगी। बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिहार पुलिस राज्य की महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक नयी पहल की शुरुआत करने जा रही है। अब प्रदेश की महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी, कभी भी बिहार पुलिस की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं। अपनी यात्रा के दौरान महिलाएं सीधे 112 पर कॉल कर दिन-रात निःशुल्क सेवा प्राप्त कर सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सकेंगी।'सुरक्षित सफर सुविधा की शुरुआत 05 सितंबर 2024 से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राज्य के 06 जिले पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय एवं नालन्दा में शुरू की जा रही है। 15 सितम्बर 2024 से इस सेवा को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार पुलिस सप्ताह वर्ष 2024 में, बिहार पुलिस के प्रत्येक पदाधिकारी व कर्मियों के द्वारा पांच प्रण लिये गये थे, जिसके अन्तर्गत महिला अपराध के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार महोदय द्वारा निडर नारी का कॉनसेप्ट दिया गया था। इसके तहत राज्य भर में महिलाओं के साथ यदि कोई भी व्यक्ति किसी तरह के दुर्व्यवहार या अपराध को कारित करने का प्रयास करता है तो ऐसी स्थिति में तत्क्षण त्वरित कार्रवाई पुलिस द्वारा सुनिश्चित की जायेगी । सुरक्षित सफर सुविधा "निडर नारी" के कॉनसेप्ट को पूर्ण रूप से लागू करने में अपनी अहम भूमिका निभायेगा । बिहार में अब तक डायल 112 के माध्यम से आपातकालीन पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस जैसी सेवाएं मिलती आ रही हैं। अब तकनीकी एजेन्सी के सहयोग से डायल 112 का विस्तार किया जा रहा है। डायल 112 सेवा में राज्य की महिलाओं के लिए 'सुरक्षित सफर सुविधा' को जोड़ा गया है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। इस पूरे प्रोजेक्ट में सीडैकतकनीकी सहायता प्रदान करेगी।

मांगों को लेकर सीपीआई का प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। फुलवारी शरीफ को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को पांच हजार करने सहित पंद्रह सूत्री मांगों को लेकर भाकपा ने फुलवारी प्रखंड कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किया. भाकपा राज्य सचिव मंडल के सदस्य कॉमरेड रामलाल सिंह ने कहा कि सरकारें केवल वादा करती हैं और उनको निभाती नहीं हैं.वास्तविकता यह बन गया है कि ब्लॉक और सीओ कार्यालय आज भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है. पटना जिला सचिव कॉमरेड विश्वजीत कुमार ने प्रखंड कार्यालय में सीओ और बीडीओ की गैर मौजूदगी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज वीडियो सीओ खुद को मालिक समझते हैं और जनता की किसी भी मांग ओर समस्या पर काम नहीं करते हैं.

ई.इंदु भुषण ने थामा जनसुराज का हाथ

हाजीपुर/संवाददाता। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व.रामविलास पासवान के साथ 45 वर्षो तक काम करने वाले वैशाली जिले के चर्चित नेता ठाकुर इन्दु भूषण सिंह उर्फ टुनटुन बाबु ने अपने रामदेव कॉम्प्लेक्स, डाक बंगला रोड आवास पर एक प्रेस संवाद के माध्यम से जन सुराज अभियान से जुड़ने का एलान किया। उन्होंने प्रशांत किशोर द्वारा शुरू की गई जन सुराज अभियान की प्रशंसा करते हुए सही लोगों को एक साथ जोड़कर, एक सही सोच के साथ जन सुराज मुहिम को मजबूत करने के लिये इस अभियान की आवाज को वैशाली जिले के हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया। श्री सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से इस अभियान ने हमे प्रभावित किया व बिहार में व्यस्वथा परिवर्तन के लिए जमीनी स्तर पर एक सबल प्रयास दिखा। 45 वर्षो के हमारे लंबे राजनीतिक अनुभव में पहली बार बिहार में एक ऐसा नेतृत्व तैयार होता दिख रहा है जो बिहार को देश के अग्रणी राज्यों के समक्ष लाकर खड़ा करने की क्षमता रखता है। प्रेस संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन सुराज वैशाली के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, जन सुराज विचार मंच के जिलाध्यक्ष रंजेश कुमार झा, रामानन्द गुप्ता, राम बच्चन सिंह, रसलपुर के पैक्स अध्यक्ष सुनील पासवान, दिव्या सिंह, राजेश कुमार, निशांत कुमार, अमरजीत कुमार समेत जिले के कई महत्वपूर्ण लोगों ने भाग लिया

श्री कृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव के दूसरे दिन दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता

पटना/का.सं। दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव के दूसरे दिन आज गांधी मैदान में दही हांडी और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि दही हांडी भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रतीक है। द्वापर युग से सनातन धर्मावलंबी दही हांडी को उत्सव की तरह मनाते चले आ रहे हैं। दही हांडी पर श्रीकृष्ण के भक्त उनकी वेशभूषा में तैयार होकर दही-माखन से भरी हुई हांडी को ऊंचाई पर लटकाकर इसे मिलकर तोड़ते हैं। दही हांडी का त्योहार श्रीकृष्ण की बचपन बाल लीलाओं को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है।जन्माष्टमी के अगले दिन दही हांडी का पर्व मनाया जाता है. दही हांडी का पर्व विशेष रूप से कृष्ण भक्तों के लिए बहुत ही महत्वपूर्व पर्व है। दही हांडी पर बच्चे और किशोर कृष्ण और उनके सखाओं की वेशभूषा धारण करके दही हांडी के उत्सव में भाग लेते हैं। दही हांडी का उत्सव पूरे देश में मनाया जाता है। कुमार ने बताया कि इस दही हांडी प्रतियोगिता में लड़के एवं लड़कियों की नौ - नौ टीमें कुल 18 टीमो ने भाग लिया।

होटल मौर्या में वॉक एंड ग्रिल फूड फेस्टिवल शुरू

पटना/संवाददाता। हर मौसम में अपने अलग-अलग फूड फेस्टिवलों से ग्राहकों को स्वाद का मजा देने के बाद अब होटल मौर्या वॉक एंड ग्रिल फूड फेस्टिवल के साथ हाजिर हो रहा है। 28 अगस्त से फूड फेस्टिवल की शुरुआत की जा रही है जो 8 सितम्बर तक चलेगी। उक्त जानकारी होटल मौर्या के एफ एंड बी मैनेजर निशीत कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल के दौरान हमारे ग्राहक जापान, मलेशिया, सिंगापुर, बर्मा, चीन, श्रीलंका और इंडोनेशिया जैसे दस एशियाई देशों के फूड के विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहक लाइव म्यूजिक का भी आनंद ले सकते हैं। निशीत सिन्हा ने कहा कि इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को जो फूड सबसे ज्यादा पसंद आएगा उसे हम अपने रेगुलर मेनू में शामिल करेंगे। होटल के रेस्टोरेंट मैनेजर नागेश राय ने कहा कि वॉक एंड ग्रिल फूड फेस्टिवल का आयोजन होटल के स्पाइस कोर्ट रेस्टोरेंट में किया जा रहा है। यह फूड फेस्टिवल रात 7:30 से लेकर 11 बजे तक चलेगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 3 लाख करोड़ रुपए के पार

पटना/संवाददाता। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का आंकड़ा पार कर लिया है। 31 जुलाई, 2024 तक कंपनी का एयूएम 3.14 लाख करोड़ रुपए दर्ज हुआ। एमडी और सीईओ अनूप बागची ने इसे ग्राहकों के भरोसे और कंपनी की सख्त निवेश व जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जीवन बीमा न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि धन सृजन और सेवानिवृत्ति आय की जरूरतों को भी पूरा करता है। कंपनी का 99.17% दावा निपटान अनुपात इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

सिपाही भगत खेल सम्मान समारोह में सम्मानित होनेवाले व्यक्तियों की घोषणा

पटना/का.सं। सिपाही भगत स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में ओपन माइंड ए बिरला स्कूल, दानापुर में खेल दिवस के अवसर आगामी 3 सितंबर को होने वाले सिपाही भगत खेल सम्मान समारोह में सम्मानित होने खेल हस्तियों, प्रशिक्षकों व प्लेयरों के नामों की घोषणा कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए ओपन माइंड ए बिरला स्कूल, दानापुर के सीओओ अमन कुमार ने बताया कि वरीय क्रिकेट कोच देवकी नंदन दास को सिपाही भगत खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा संघों के पदाधिकारी व प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। स्कूल के प्राचार्य पलजिंदर पाल सिंह ने बताया कि सिपाही भगत स्पोर्ट्स फाउंडेशन हमेशा सामाजिक कार्य करने में आगे रहा है। विगत वर्षों में कई खेल आयोजनों का सफल आयोजन कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों जैसे खेल, कला समेत अन्य में छात्र व छात्राओं को अपने हूनर दिखाने का मौका दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी की देखरेख में बनाई गई है।

बेउर के महावीर नगर दुर्गा मंदिर में 6 दिनों तक झूला पर रहेंगे बाल कृष्णा

दिन में महिलाएं रात में पुरुष करे रहे बाल लीला चर्चा

फुलवारी शरीफ/सं। पटना के बेउर स्थित महावीर नगर के दुर्गा मंदिर में 6 दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है. रोजाना सुबह शाम देर रात तक महिलाएं पुरुष श्रद्धालु यहां बाल लीला कृष्ण चर्चा सुनकर भाव विभोर हो रहे हैं. परिवार संग नन्हे मुन्ने बच्चे बच्चियों भी कृष्ण और राधा के परिधान में यहां पहुंच रहे हैं और अपने नटखट लीला से सबका मन मोह रहे है. मंदिर के सचिव बालेंदु शर्मा ने बताया कि महावीर मन्दिर महाबीर नगर बेउर में छह दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह का आज तीसरा दिन भी महिला मंडली के कलाकारों द्वारा सोहर गीत और बधाई गीत गाया गया और भक्तों के बीच चाकलेट और मिठाई बांटा गया. दिन में महिला मंडली और रात में पुरुष मंडली बाल कृष्णा लीला का भजन कीर्तन गाते हैं.अंतिम दिन भक्तों के बीच चावल कड़ी और. पाँच तरह के सब्जी का प्रसाद बांटा जाता. यहाँ छह दिन तक बाल कृष्ण को झुला पर ही रखा जाता है. इस अद्भुत कृष्ण लीला पूजा अर्चना को देखने रोजाना सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उमर रहे हैं।

बिहटा में अवैध वसूली करते चार गिरफ्तार

बिहटा/संवाददाता। बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में टैक्स के नाम पर जबरन अवैध वसूली करते बिहटा पुलिस ने चार लोगो को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार बदमाश की पहचान भोजपुर के कुलहरिया निवासी पप्पू कुमार, बिहटा के सिमरी निवासी अंगद कुमार , गोखुलपुर निवासी बिट्टू कुमार एवं विष्णुपुरा निवासी टुनटुन सिंह के रूप में की जा रही है।इस संबंध में थानाप्रभारी राज कुमार पाण्डेय ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया की बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में नगर परिषद टैक्स के नाम पर जबरन वसूली की शिकायत मिल रही थी।कार्रवाई के दौरान बिहटा चौक के पास चार लोगों को रंगे गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने मौके से वसूली करने वाला रशीद एवं 460 रुपया नगद के अलावा कई दस्तावेज भी बरामद किया है। उन्होने बतलाया कि दस्तावेज सही है या गलत है बिहटा नगर परिषद से जानकारी लिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भोजपुर जिला निवासी छ्टु प्रसाद साह अपने पिता के इलाज के लिए आरा टेंपू पर सवार होकर पटना के पीएमसीएच अस्पताल जा रहे थे।बिहटा चौक के पास नगर परिषद और नगर निगम के नाम पर कुछ लोगों ने टेंपो को रोका और जबरन वसूली करने लगे।दोनों के बीच नोक झोक होने पर पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना बिहटा पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' का आयोजन

हाजीपुर/भगवानपुर/संवाददाता। लक्ष्मी नारायण महाविद्यालय में बुधवार को बीसीए विभाग के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' का आयोजन किया गया। बिषय प्रवेश कराते हुए बीसीए कॉर्डिनेटोर डा० पिंटू भट्टाचार्य ने कहा कि अंतरिक्ष एक ऐसा बिषय है, जिसके संदर्भ में सोचते हीं हम चाँद तक पहुँच जाते हैं। इसलिए इस कार्यक्रम परिकल्पना चाँद से स्पर्श करते हुए जीवन को छूना है। मुख्य अतिथि डा० आशीष गुप्ता प्रोफेसर ने कहा कि विज्ञान इतिहास अपने आप में अनोखा है। उन्होने बताया गंगायान, शुक्रियाग, मंगलमान से सफर तय करते हुए चंद्रयान एक चंद्रयान दो चंद्रयान तीन की उपलब्धियो के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया। अध्यक्षीय संबोधन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या डा० सुनीता गुप्ता ने कहा कि आज चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के एक वर्ष पूरे हो गए। इस उपलक्ष्य में हम सभी एकत्रित हो अंतरिक्ष दिवस मना रहे है।

पूर्व मुखिया के भाई पर गोलीबारी मामले में राजू सिंह समेत तीन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

फुलवारी शरीफ/संवाददाता। गौरीचक थाना क्षेत्र के शेखपुरा कंसारी मोड पर मंगलवार की देर शाम के समय पूर्व मुखिया धनंजय सिंह मधु के भाई विकास कुमार के ऊपर गोलीबारी कर जानलेवा हमला मामला में राजू सिंह समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है. गौरतलब हो कि मंगलवार की देर शाम खेत से लौट रहे पूर्व मुखिया के भाई विकास कुमार पर गांव के राजू सिंह ने पूर्व के केस उठाने को लेकर दबाव बनाया और जब विकास ने विरोध किया तो उसगोलीबारी कर फरार हो गए. इस गोलीबारी में विकास कुमार को गोली नहीं लगी लेकिन लोगों के शोर मचाने के बाद वहां जब भीड़ जुटने लगी तब उसकी जान बच गई.

गौरीचक में तीन गिरफ्तार

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। पटना के गौरीचक थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अलग-अलग इलाकों से तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के मुताबिक मुसना पर इलाके से फरार चल रहे हैं वीर मनी को गिरफ्तार किया गया. हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को इसकी तलाश थी. इसके अलावा हत्या का प्रयास के एक अन्य मामले में फरार राम लगन को पुलिस ने खैरा गांव से गिरफ्तार कर लिया. साथ ही शराब बेचने वाले एक शराब तस्कर को चिपुरा कला से पकड़ा गया.

राम कृष्ण द्वारिका महाविद्यालय इंडक्शन मीट का आयोजन

पटना/का.सं। राम कृष्ण द्वारिका महाविद्यालय के प्रांगण में बुधवार को स्नातकोत्तर विभाग के सत्र 2024-2026 के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने स्नातकोत्तर विभाग के नए सत्र के छात्रझ छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें महाविद्यालय एवम् अपने जीवन में भी अनुशासित रहने की सलाह दी। साथ ही महाविद्यालय में उनकी 75 प्रतिशत उपस्थिति अवश्य होने की बात की एवं एक अच्छे शैक्षणिक वातावरण का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पांच स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष डॉ रामाकांत शर्मा, इतिहास विभाग, डॉ, रविरंजन प्रसाद, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ.अरुण कुमार शर्मा, वाणिज्य संकाय, डॉ. जया दीक्षित, राजनीति शास्त्र विभाग ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने अपने विषयों की विस्तृत जानकारी दी।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर निकाला आक्रोश मार्च

आक्रोश रैली
डा0 मौमिता देवनाथ एवं 14 साल की रूपा कुमारी
SAVE WOMEN SAVE DOCTORS SAVE NATION

हाजीपुर/लालगंज/संवाददाता। संयुक्त किसान मोर्चा प्रखंड कमेटी लालगंज के तत्वाधान में झंडा बैनर से लैश होकर सुसज्जित जुलूस घाघरा चौक से निकाला गया जो तीनपुलवा चौक पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के बिहार राज्य कमेटी सदस्य डॉक्टर राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आज देश के अंदर मणिपुर, पश्चिम बंगाल, बिहार,महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में छात्राएं, महिला, आम लोग सुरक्षित नहीं है। आम लोगों के अंदर भय का माहौल बनता जा रहा है। मणिपुर में महिलाओं को नंगा घुमाया गया,कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ट्रेनी डॉक्टर मौमिता देवनान, बिहार के मुजफ्फरपुर के पारू में रूपा कुमारी के साथ रेप और हत्या तथा महाराष्ट्र में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ रेप की घटना देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। विश्व गुरु बनने वाला प्रधानमंत्री और इन राज्यों के मुख्यमंत्री अंधा और बहड़ा हो चुके हैं । देश में रेप और हत्या करने वाले रेपिस्ट और हत्यारों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर 3 महीने के अंदर फांसी की सजा देनी चाहिए।

ऑटो गिरोह ने युवक को लूटने का किया प्रयास

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। फुलवारी शरीफ में नेशनल हाईवे पर ऑटो सवार लूटपाट करने वाले गिरोह के बदमाशों ने मुंबई से लौटकर मोतिहारी जा रहे एक युवक के साथ लूटपाट करना चाहा. युवक के शोर मचाने पर जानीपुर थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच गए और दोनों बदमाशों को दबोच लिया. दानापुर रेलवे स्टेशन पर मुम्बई से विनोद कुमार उतरा और ऑटो पड़कर बस स्टैंड के लिए चला.उसे मोतीहारी जाना था. खगोल में दानापुर रेलवे स्टेशन के बाहर से एक ऑटो वाले ने बस स्टैंड तक पहुंचाने की बात कहकर उसे सवार किया. उस ऑटो पर पहले से एक युवक सवार था. विनोद को बैठा कर यह लोग जानीपुर थाना के नकटी भवानी के पास सुनसान स्थान पर ले जा कर चाकू के बल पर लूट पाट करने लगे. विनोद के शोर सून कर जानीपुर थानाध्यक्ष बलबीर कुमार सिंह जो गश्त पर थे मौके पर पहुंचे और दोनों लुटेरों को पकड़ लिया. पकड़े गया मो

रामजानकी मठ में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

पालीगंज/संवाददाता। कृष्ण जन्माष्टमी समूचे इलाके के साथ पालीगंज स्थित रामजानकी मठ में भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के मौके पर रामजानकी मठ में इंडिया ग्रुप की ओर से कृष्णलीला का भी आयोजन किया गया।कृष्णलीला को देखने के हजारों की संख्या में श्रद्धालू जुटे। वहीं इंडिया ग्रुप के कलाकारों की कला को देखकर लोग खुशी से झूम उठे व आनंद से भावविभोर हो गए। मंच का उद्घाटन पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रीतम कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ में मौकेपर सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार, पालीगंज थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, मठ प्रबंधन समिति के पंकज शर्मा, सुरेश कश्यप, पंकज कुमार, नीरज कुमार, रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: 4वीं मंजिल, 401, कनक ब्रजराज कॉम्प्लेक्स, धक्कनपुरा, कवि रमन पथ, पटना - 800001
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।
इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से कर्जदार (ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित ऋणदाता को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्ज़ा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जो नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम, ऋण खाता सं.	सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का विवरण, ज्ञात भार सहित, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना राशि जमा	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	निलामी की तिथि और समय	निलामी की एकदिन पहले का तारीख	सरफेसी अवस्था
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)	(H)	(I)
1.	जगदीश दास (कर्जदार) सरस्वती देवी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या। LHPTN00001423219 और LHPTN00001423232	प्लॉट नंबर। 4769 एवं 4770 थाना न. 19 खाता न. 183 मौजा रानीपुर बांकीपुर पटना सिटी 19 पटना बिहार-800007.	रु. 16,70,638.06/- अगस्त 22, 2024	रु. 21,60,000/- रु. 2,16,000/-	सितंबर, 23, 2024 सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक	अक्टूबर 01, 2024 दोपहर 02:00 बजे से 3.00 बजे	सितंबर, 30, 2024 शाम 5:00 बजे से पहले	भौतिक कब्ज़ा
2.	आयशा नाज़ (कर्जदार) मोहम्मद शौकत (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHPTN00001526294 और LHPTN00001526296	मौजा मिर्ची थाना बाईपास थाना नं. 22 खाता न. 146 खेसरा नं. 313 जिला पटना देवी आस्था पटना बिहार-800008	रु. 15,20,747.08/- अगस्त 22, 2024	रु. 25,11,000/- रु. 2,51,100/-	सितंबर, 23, 2024 सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक	अक्टूबर 01, 2024 दोपहर 02:00 बजे से 3.00 बजे	सितंबर, 30, 2024 शाम 5:00 बजे से पहले	भौतिक कब्ज़ा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** की वेबसाइट (**URL लिंक- eauctions.samil.in**) पर आयोजित की जाएगी। बंधकदाताओं को नोटिस दिया जाता है की **30 सितंबर, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाता(ओं) को **30 सितंबर, 2024** को **शाम 04:00** बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम E देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को **30 सितंबर, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **"आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी"** के पक्ष में **पटना में देय** होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या निविदाओं के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से **9920807300** पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com** पर जाएँ।

तारीख : अगस्त,29,2024
स्थान: पटना

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106